# खाद्य प्रसंस्करण के लिए एक से पांच करोड़ तक का अनुदान तय : केशव

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा। इसमें खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए एक से पांच करोड़ रुपये तक का अनुदान तय किया गया है। वह बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सब्जी उत्पादन में देश में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर है, लेकिन प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में भागीदारी केवल पांच प्रतिशत है। फल उत्पादन में यूपी 11 प्रतिशत के हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है, लेकिन प्रसंस्कृत फलों के निर्यात में हिस्सेदारी मात्र 0.4 प्रतिशत है। कहा कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात बढाएं। नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति और इस क्षेत्र में आए निवेश प्रस्तावों से खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में बदलाव आएगा।



## अगली रामनवमी अयोध्या में श्रीराम मंदिर में मनाएंगे

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अगली रामनवमी अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर में मनाएंगे। मौर्य ने बृहस्पतिवार को सभी प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया।